## सार-समाचार

### ‘अपनी ऊर्जा राष्ट्रहित में लगाओ’

**बाप,** (निसं)। बाप कस्बा में विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह विधायक पब्बाराम विश्नोई की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त वाले छात्रों को लेपटॉप व 90 प्रतिशत से अधिक अंक वालो को टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई ने कहा की छात्र लग्न से पढाई करे तथा अपनी प्रतिभा की ऊर्जा राष्ट हित में खर्च करे। देश पहले का भाव जाग्रत होना जरूरी है। विद्या मंदिर के छात्रों को देश राष्ट सर्वोपरि का पाठ पढाया जाता है, इसलिए इन विद्यालयों से निकले छात्र हजारों में अलग ही दिखते है। यह गुणवता विद्या भारती के विद्यालयों के छात्रों में होती है। उन्होंने अभिभावकों से समय समय पर छात्र - छात्राओं के विद्यालयों का अवलोकन करने को कहा। कार्य म की अध्यक्षता पूर्व छात्रा सीए जागृति खत्री तथा विशिष्ट अतिथि भामाशाह मुरली मनोहर पालीवाल थे। कार्य म में छात्र लक्ष्यराज पालीवाल, अरुणा पालीवाल, दीपक सुथार, सोनम, सवाई सिंह खीरवा, जितेंद्र सिंह बावडी आदि का लेपटॉप व टेबलेट देकर सम्मान किया गया। इस दौरान शाला प्रधानाचार्य भगवान सिंह, खंड संघचालक मनसुख पालीवाल, बाबूलाल हरजाल, रामचंद्र धामट, आशाराम धामट, भंवर लाल दवे, नारायण सिंह भाटी सिड, किशनलाल पालीवाल, महेंद्र शर्मा, ज्ञानसिंह, व्यवस्थापक ओमप्रकाश पालीवाल, आचार्य करनी सिंह, दिव्या शर्मा, तेजाराम कुमावत, श्रीपाल, भोजाराम मेघवाल, पपूराम, अशोक तंवर सहित कई लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन कंवर लाल विश्नोई ने किया।

### विभागीय कार्यों की समीक्षा

**बालोतरा,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलैक्टर नानूराम सैनी ने सोमवार को उपखंड बायतु का दौरा किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर नानूराम सैनी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माधासर, उप स्वास्थ्य केन्द्र माधासर, ग्राम पंचायत माधासर एवं तहसील बायतु कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माधासर का निरीक्षण कर पौधरोपण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में पौधारोपण से शेष रहे पौधों को रोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण किए गए सभी पौधों का जियो टेगिग पोर्टल पर अपडेट करें। इस वर्ष नव प्रवेशित छात्र छात्राओं की संख्या 40 रही। जिस पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए ताकि नव प्रवेशित छात्र छात्राओं की संख्या में अपेक्षित वृद्धि हो। निरीक्षण के दौरान माधासर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र एवं ग्राम पंचायत कार्यालय बंद पाए गए। अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने उच्चाधिकारियों को विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में अतिरिक्त जिला कलैक्टर ने बायतु तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी बकाया कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें ताकि उन्हें दुबारा ना आना पडे। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका एवं कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### रेवदर में अधिकारियों की बैठक हुई

**रेवदर,** (निसं)। सिरोही जिला कलैक्टर के निर्देशानुसार सोमवार को अधिकारियो की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुए। बैठक में सभी विभागों की सपंर्क पेंडेसी के निस्तारण के निर्देश दिए गए एवं रात्रि चौपाल व निरीक्षण में दिए गए निर्देशों की समीक्षा की गयी ई-फाईल के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए गए निस्तारण समय पर किया जावे। सभी विभागों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए की ग्राम स्तरीय जनसुनवाई में सभी ग्राम स्तरीय कर्मचारी अपनी उपस्थिति दर्ज करें एवं ग्राम स्तरीय जनसुनवाई को बेहतर तरीके से सुनिश्चित करे। जिससे सभी परिवादियों का कार्य समय पर हो सके। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों को सतर्क किया, तहसीलदार व विकास अधिकारी को निर्देशित किया की आप समतल से नीचे बसे गांव या बस्तियों को चिन्हित करे एवं उनके लिए सुरक्षित स्थान का चयन करके रिपोर्ट करें। बैठक में सीमाज्ञान से संबंधित सभी पेंडेंसी का समय पर निस्तारण किया जावे। एवं संपर्क पर लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण के निर्देश दिए गए। पंचायती राज-मानसून से पहले नालों की साफ-सफाई के निर्देश दिए गए जिससे जल के भराव की समस्या पैदा ना हो। एवं संपर्क पर लंबित प्रकरणों का समय पर निस्तारण के निर्देश दिए गए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग पेयजल के नल/जलापूर्ति के नियमित करें।

### मतदाता अभिनंदन यात्रा निकाली

**पोकरण,** (निसं)। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में मतदाता अभिनंदन विजय संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज के मुख्य आतिथ्य में विधानसभा के सांकडा, राजमथाई, भणियाणा व भैंसडा मंडलों में मतदाता अभिनंदन विजय संकल्प यात्रा निकाली गई। पोकरण विधानसभा क्षेत्र यात्रा प्रभारी मदनसिंह राठौड ने बताया कि संगठन के दिशा निर्देश पर मतदाताओं का आभार जताने के लिए बीजेपी इस यात्रा के दौरान जगह-जगह अभिनंदन समारोह आयोजित करेगी। विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज ने कहा कि प्रजातंत्र में मतदाताओं की भूमिका काफी अहम होती है। जब प्रत्येक मतदाता मतदान के रूप में मिले अपने अधिकार के साथ दायित्व व कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करेगा तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा की देश को जनता ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए लिए तीसरी बार मोदी सरकार पर पुनः विश्वास प्रकट कर देश का प्रधानमंत्री बनाया। मतदाता ही अपने मत से राष्ट्र के विकास की नींव रखते हैं। लोकसभा चुनावों में देशभर में भारतीय जनता पार्टी के प्रति मतदाताओं का जोश व उत्साह मिला।

### गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

**पिण्डवाड़ा,** (निसं)। ग्राम वासा के गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला कलैक्टर सिरोही को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम पंचायत वासा के खसरा नम्बर 15, 3 व 17 गोचर भूमि में आस-पास ग्रामीणों ने नाडी के पास बाड व झौपडे बनाकर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है, जिसके कारण मवेषियों के चरने के लिए पशु पालको को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वही वासा के गोचर भूमि में ग्राम पंचायत ने नियमों को ताक में रखकर सीसी रोड, गाय के बाडे, तारबंदी कर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर रखा है। साथ ही ग्रामीणों ने जिला कलैक्टर से अतिक्रमीयों के विरूद्व सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस अवसर पर फागणाराम गमेती, देवाराम, मसरूराम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी

**बाप,** (निसं)। फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई सोमवार को बाप क्षेत्र के दौरे पर रहे। बाप में आमजन के साथ पार्टी कार्यकर्ताओ से मुलाकात की। साथ ही शोक सभाओ में भी पहुंचे। विधायक विश्नोई बाप में अमरचंद पालीवाल के निवास पहुंचे। अमरचंद के 22 वर्षीय पौत्र परमेश्वर पुत्र छगनलाल का शनिवार को अकस्मात देहांत हो गया था। विधायक ने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए दादा अमरचंद, राधाकिसन, पिता छगन लाल, मांगीलाल, टीकमचंद, वेदप्रकाश को ढांढस बंधाया। सीमाजन कल्याण समिति के तहसील संरक्षक मूलचंद पालीवाल सारण के पिता शतायु तुलसीराम के गोलोक वास होने पर आयोजित शोक सभा में भी पहुंचे तथा उनके पुत्रों को सांत्वना दी। पार्षद सुरेश मूंधा के दादी व पिता आईदान के स्वर्गवास पर उनके निवास भी गए। इस मौके पर महेश होपारडी, मनसुख पालीवाल, मोहन भैया, पुखराज, आदि साथ थे।

### चोरी कर गड्ढे में छुपाई बाइक

**जोधपुर,** (कासं)। जिला ग्रामीण की बिलाड़ा थाना पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मूलसिंह भाटी ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में लासनी जैतारण निवासी राजूराम पुत्र बगदाराम को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर बाइक भी बरामद कर ली गई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व झाक निवासी भैराराम प्रजापत ने बाइक चोरी का मामला दर्ज करवाया था। इसमें बताया था कि वो खारिया मीठापुर सब्जी लेने ठेले पर गए थे। पीछे से कोई व्यक्ति बाइक लेकर फरार हो गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले व आसूचना एकत्रित की। उसके बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने बताया कि एक गड्ढे में छुपाकर रखी बाइक भी बरामद कर ली। आरोपी बाइक को बेचने की फिराक में था। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में और कई चोरियों का खुलासा किया जा सकता है।

# जोधपुर में महाराजा उम्मेद सिंह की 121 वीं जयंती मनाई

**जोधपुर,** (कासं)। आधुनिक मारवाड़ के निर्माता दिवंगत महाराजा उम्मेद सिंह की 121वीं जयंती समारोह स्टेच्यू सर्किल रेलवे स्टेशन के सामने मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व राजपरिवार के सदस्य गजसिंह द्वारा पूजा की गई व पुष्प अर्पित किए गए।


महाराजा उम्मेद सिंह रिलिजियस ट्रस्ट के महाप्रबंधक जगत सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि हैडक्वाटर 1, 2 कॉर्प्स के लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा के (एवीएसएम, एस एम) एवं नगर निगम महापौर उत्तर कुंती देवड़ा, डीआरएम पंकज कुमार सिंह व एयर ऑफिसर कमांडिंग जोधपुर एयर कमांडर एस के तालियान (वीएम) ने पुष्पांजलि अर्पित की। सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज, आरके वीर विक्रम सिंह व राव राजा परीक्षित सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर पंडित ललित त्रिवेदी ने पूजा कराई।

समारोह स्थल पर प्रभु मंदिर के सोहन लाल जैसलमेरिया, पंडित विजयदत्त पुरोहित, मौलाना मसी दुह जमा, गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा के ज्ञानी जयपाल सिंह, एसएम चर्च सरदारपुरा के अमित कुमार द्वारा उम्मेद सिंह के कार्यों के बारे में अपने अपने धर्म के अनुसार विशेष प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह स्थल पर चौपासनी विद्यालय के केसरिया साफा पहने छात्र श्रवण सिंह जैतावत व हितेन्द्र सिंह बुचेटी के निर्देशन में व मौलाना अबुल कलाम आजाद सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के स्काउट व एनसीसी के बालक बालिकाएं हाथो में महाराजा उम्मेद सिंह की जयंती के बैनर लिए हुए उपस्थित थे। इस दौरान पूर्व महाराजा गजसिंह ने इन सभी बालक व बालिकाओं से पास में जाकर बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह में मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, कुंभ सिंह पातावत, महाराज सुमन सिंह, महाराज मदन सिह, हर्षवर्धन सिंह भांवरी, एमजीएच अधीक्षक डॉ फतेह सिंह भाटी, कर्नल लक्ष्मण सिंह गुढा, कर्नल गिरेंद्र सिंह दारवां, कर्नल लक्ष्मण सिंह गुढा, कर्नल हिम्मत सिंह, छोटू सिंह बुचेटी, दलपत सिंह खीची, विशन सिंह सोढा, इंद्रजीत सिंह नाथावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, पर्यावरण प्रेमी प्रसन्नपुरी गोस्वामी, हिज हाइनेस महाराजा उम्मेद सिंह रिलिजियस ट्रस्ट के सचिव कल्याण सिंह राठौड़, प्रो हरदयाल सिंह राठौड़, राजेन्द्र सिंह लीलिया, भूपत सिंह अवाय, भागीरथ वैष्णव, फारूक अहमद, राजकुमार सिंह रोड़ला, महाराजा मानसिह पुस्तक प्रकाश शोध केंद्र के सहायक निदेशक डॉ महेंद्र सिंह तंवर, दिलीप सिंह राठौड़, डॉ शक्ति सिंह खाखड़की, रतनसिंह चंपावत, रणजीत सिंह ज्याणी, कैप्टन लक्ष्मणसिंह शेखावत, रामजी व्यास, श्याम सुरेन्द्र सिंह डॉवरा, रतन सिंह चम्पावत, सुरेंद्र सिंह केतु, प्रबंधक संस्कृति मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट घर्मांशु बोहरा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मेहरानगढ़ बैंड द्वारा सुमधुर दोनों की प्रस्तुति दी गई व राज नगारची शहनाई वादक उमर रमजान ने शहनाई वादन किया। कार्यक्रम का संचालन नेमीचन्द ने किया। कार्यक्रम के अंत में मेहरानगढ़ की बैंड की धुनों के साथ राष्ट्रगान हुआ।



जोधपुर में आधुनिक मारवाड़ के निर्माता महाराजा उम्मेद सिंह की 121 वीं जयंती पर समारोह स्टेच्यू सर्किल रेलवे स्टेशन के सामने हुआ।

# नदी नालों व सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाएंगे : महंत प्रतापपुरी

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी ने रविवार की शाम को प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि पोकरण क्षेत्र में नदी नाला आगौर में यदि अतिक्रमण किए गए हैं, तो उन्हें तुरंत प्रभाव से हटा दिया जाए।

विधायक महंत प्रताप्पुरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशों एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए नदी नालों एवं आगौर में अतिक्रमण को लेकर शिकायत मिलती रहती है। जिस पर उपखंड अधिकारी तहसीलदार,पटवारी को जांच के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी जमीन पर भी अतिकमान मुक्त रखा जाए एवं खातेदार जमीन धारकों को अपनी जमीन पर रहने का अधिकार है। अतिक्रमणकारियों को बक्सा नहीं जाएगा, वही जमीनों की तरमीन मैं हो रही अदला-बदली की शिकायतें आए दिन मिलती रहती है, सरकारी रिकॉर्ड में हेरा फेरी के मामले संज्ञा में आने पर कार्रवाई की जाएगी, नदी-नाले आगोर की जमीन अतिक्रमण के मामले को लेकर के विशेष टीम का गठित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान आगामी 10 जुलाई को बजट में पोकरण विधानसभा को लेकर के पूछे गए सवालों पर जवाब में कहा कि आशा ही नहीं विश्वास है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पोकरण विधानसभा क्षेत्र का पूरा-पूरा ध्यान रखेंगे। कस्बे के विकास को लेकर के सब का सहयोग सबका साथ के साथ विकास किया जाएगा। बजट में नहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही साथ शहर का विकास जिसमें शहर के पेयजल व्यवस्था को लेकर के विशेष बजट लाने, बिजली पानी की व्यवस्था के साथ ही साथ पिछडा क्षेत्र को देखते हुए चिकित्सा सड़क रोजगार को लेकर के पोकरण को कई सौगातें मिलेगी। प्रेस वार्ता के दौरान कहां कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के भवनों में कमी को लेकर कहां की विधानसभा क्षेत्र विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच स्थित है। ऐसे में विशेष प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के समुचित विकास हो सके। उन्होंने केंद्र में भाजपा की सरकार व जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत के केंद्रीय पर्यटक मंत्री बनने के कारण क्षेत्र में पर्यटक एवं ऐतिहासिक धरोहर को विशेष महत्व दिया जाएगा एवं क्षेत्र के रोजगारों के साथ ही साथ धार्मिक स्थलों एवं पर्यटक को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक योजनाएं बनाकर पर्यटन उद्योग को पंख लगाए जाएंगे।

# प्रवेश आयु 6 वर्ष करना निजीकरण की शुरूआत है : धर्मेन्द्र गहलोत

**पिण्डवाड़ा,** (निसं)। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पहली कक्षा में बच्चों के प्रवेश की आयु 5 वर्ष के स्थान पर 6 वर्ष किए जाने से सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा संचालित होना भी मुश्किल हो जाएगा। इसके कारण शिक्षकों एवं अभिभावकों में गहरा रोष व्याप्त होने के बावजूद भी राज्य सरकार द्वारा कोई कदम नहीं उठाना शोचनीय विषय है। यह उदगार राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत ने उपशाखा की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

गहलोत में बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार के इस फैसले से प्रदेश की 62 हजार स्कूलों में इस सत्र में कक्षा पहली कक्षा संचालित नहीं होने से सरकारी स्कूलों पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं, जो स्पष्ट रूप से शिक्षा के निजीकरण की ओर इशारा कर रहा है। राज्य में इस वर्ष जबरदस्त रूप से नामांकन प्रभावित होने वाला है, लेकिन राज्य सरकार का मौन धारण कर बैठना कहां तक उचित हैं।

गहलोत में पिंडवाडा ब्लॉक प्रतिनिधि मंडल सहित जनापुर, झांकर, आरासना ,सानवाडा, तेलपुर, वीरवाडा, और झाडोली स्कूलों का दौरा कर शिक्षक समस्याओं का संकलन किया। विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों ने प्रवेश आयु बढ़ाने के फैसले को गैरवाजिब मानकर पुनः संशोधन की इच्छा जताई। उपशाखा पिंडवाडा की बैठक में रा. उ. प्रा. वि. वार्ड 25 पिंडवाडा शाला भवन की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मलबा गिरता है। जिससे भारी दुर्घटना होने का अंदेशा है, इस बारे में उच्च अधिकारियों को कई बार लिखा गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई इस हेतु पुनः संगठन द्वारा विभाग को समस्या समाधान हेतु लिखने का प्रस्ताव लिया गया। नगर की स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी होने से शिक्षण व्यवस्था के लिए अध्यापक लगाने का उच्चाधिकारियों को मांग करने का प्रस्ताव लिया गया।

महात्मा गांधी विद्यालय बस स्टैंड के संस्था प्रधान को एक अध्यापिका द्वारा झुठे आरोप एवं मानसिक रूप से परेशान करने पर संगठन ने उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए लिखने का निर्णय लिया।

अधिशेष शिक्षकों के वेतन भुगतान की व्यवस्था करने के लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

उपशाखा की बैठक में उपशाखा अध्यक्ष मनोहरसिंह चौहान, रमेश दहिया, गुरुदीन वर्मा, रघुनाथ मीणा, अशोक मालवीय शांतिलाल लोहार, सुरेशकुमार ग्रासिया, मोती राम देवासी, दिनेश मीणा, भेरूलाल वर्मा, मोहम्मद अकरम, हेमलता पाराशर, बिंदर कौर, साधना खैरावत, ममता दाधीच, ललिता गरासिया, नीलम डामोर उपस्थित थे।

# चालीस ग्राम स्मैक सहित इनामी आरोपी गिरफ्तार



जालोर जिले में बिशनगढ पुलिस ने स्मैक बरामद कर आरोपी को गिरपतार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के बिशनगढ़ पुलिस ने सोमवार को अवैध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर 40.36 ग्राम स्मैक बरामद की गई। उक्त आरोपी पर पांच हजार रूपये का ईनाम घोषित था। स्मैक तस्करी में प्रयुक्त वाहन हुन्डई कार को भी जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी दिल्ली, मेरठ व अन्य राज्यों का मोस्ट वांटेड होकर फरार था। तथा दिल्ली के व्यापारी से 1 करोड़त्र की ठगी कर फरार हो गया था।

बिशनगढ पुलिस थानाधिकारी पन्नालाल के नैतृत्व में गठित पुलिस टीम व बलदेवराम उपनिरीक्षक प्रभारी डीएसटी जालोर मय जाब्ता ने सरहद निम्बलाना में आरोपी नरेन्द्रसिंह उर्फ दशरथसिंह पुत्र अर्जुनसिंह राजपुरोहित उम्र 32 साल निवासी मोदरान थाना रामसीन जिला जालोर के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक कुल 40.36 ग्राम बरामद कर स्मैक तस्करी में प्रयुक्त वाहन हुन्डाई कार को जब्त किया। अभियुक्त व्यापारियो से ठगी करने का मास्टरमाईन्ड है। अभियुक्त लाहोरी गेट थाना दिल्ली मे व्यापारी से वाटसएप्प कॉल के जरिये 1 करोड रूपये की ठगी करने के मामले मे वांछित है। थाना सायला के एक प्रकरण में अभियुक्त पर पांच हजार रूपये का ईनाम था।

मुलजिम द्वारा राजस्थान राज्य से बाहर रहने वाले प्रवासियों एवं अन्य राज्यों में निवासरत लोगों से जान पहचान रखने वाले व्यक्तियों के नाम से फर्जी कॉल कर हवाला के जरिये ठगी कर धोखाधडी की जाकर अपने साथियों सहित फरार हो जाता था।

## गुरू पूर्णिमा महोत्सव 21 को, बैनर का विमोचन

- पूजन व धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां शुरू

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर जिले में सनातन धर्म संस्कृति व साधक जीवन का मुख्य पर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को श्रद्धा-भक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया जाएगा।

जोधपुर जिले की विभिन्न सम्प्रदाय की प्रमुख गुरुपीठों, आश्रमों में व्यास पीठ पूजन व धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां शुरु हो चुकी है। सेन भक्ति पीठ मुख्यालय बाबा रामदेव मंदिर राइका बाग जोधपुर में सैनाचार्य स्वामी अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। सैनाचार्य के प्रतिनिधि रघुवीर सिंह भदावत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव स्थल माहेश्वरी जन उपयोगी भवन रातानाडा में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत बीस जुलाई को रात आठ बजे से भजन संध्या और 21 जुलाई को सुबह दस बजे से गुरु पूजन व दोपहर एक बजे से गुरु प्रसादी का वितरण किया जाएगा। पूर्णिमा महोत्सव के पोस्टर का विमोचन सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज के सानिध्य में समाजसेवी सुरेश बुगालिया, जसवंतसिंह इंदा आदि ने किया। समारोह में छोटूसिंह, पुनीत अठावाल, गणपत सिंह राजपुरोहित, नरेंद्र पवार, रमेश त्रिपाठी, गौरव बागड़ी, पप्पू आचार्य सहित कई जने उपस्थित थे।

## मादक पदार्थ के साथ पिता पुत्र सहित चार पकड़े

**जोधपुर,** (कासं)। जिला पश्चिम पुलिस ने मादक पदार्थ की धरपकड़ करते हुए पिता पुत्र सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर इनके पास से अवैध डोडा पोस्त और गांजा बरामद किया है। आरोपियों से अब मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

झंवर थानाधिकारी मूलाराम चौधरी मय टीम ने जोलियाली दड़ी की ढाणी के भैंपाराम पुत्र भंवरराम विश्नोई को गिरफ्तार कर अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। लूणी थानाधिकारी हुकमसिंह ने फींच गांव में रहने वाले पिता पुत्र रूपाराम पुत्र गोपाराम विश्नोई और राकेश पुत्र रूपाराम के घर पर दबिश देकर वहां से 600 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। दोनों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया। बासनी थानाधिकारी शफीक मोहम्मद ने पशु आहार सालावास रोड पर एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा। तब उसके पास से गांजा बरामद हुआ। आरोपी युवक मूलतः खेजड़ली लूणी हाल भवानी नगर सांगरिया फाँटा स्थित राजपूतों का बास निवासी अनिल पुत्र पप्पाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया।

# रामसीन में एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ



जालोर के पास राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामसीन में अध्ययनरत सभी विधार्थियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं राज्य सरकार द्वारा दिये गए निर्देशानुसार पौधारोपण अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया।

प्रधानाचार्य जबर सिंह देवड़ा ने बताया कि सुपार्श्वनाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय रामसीन में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं राज्य सरकार द्वारा दिये निर्देशानुसार पौधारोपण अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया। संस्था प्रधान देवडा ने वृक्षारोपण एवं पेड़ पौधों का हमारे पर्यावरण में महत्व पर विधार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि आज जो पौधे आप लेकर जा रहे है। उनकी पूरी तरह परवरिश कर उन्हें बड़ा करने की जिम्मेदारी लेनी है।

## सांगरिया बाईपास पर शराब की दुकान खुलते ही फिर धरने पर बैठी महिलाएं

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के सांगरिया बाईपास पर खुली शराब की दुकान हटाने का विवाद थम नहीं रहा है। यहां दो दिन से क्षेत्रवासी धरना-प्रदर्शन कर रहे है। सोमवार को सुबह जब यह दुकान खुली तो यहां आसपास रहने वाली महिलाएं दुकान के बाहर धरना देकर बैठ गई। उन्होंने यहां आज भी दुकान खुलने का विरोध किया।

दरअसल सांगरिया बाईपास पर खुली शराब की दुकान हटाने को लेकर क्षेत्रवासी दो दिन से धरना-प्रदर्शन कर रहे है। रविवार को भी इन्होंने दुकान बंद करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन में कई महिलाएं भी शामिल रही। उस समय अधिकारियों ने यह दुकान हटाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज सुबह यह दुकान वापस खोल दी गई। इससे आक्रोशित होकर आसपास रहने वाली महिलाएं एक बार फिर यहां दुकान के बाहर ही धरना देकर बैठ गई।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि यहां पर शराब की दुकान खोलने की वजह से असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहेगा जिसकी वजह से यहां रात के समय महिलाओं के लिए निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में शराब दुकान को कहीं और जगह पर शिफ्ट किया जाए।

क्षेत्रवासी शराब दुकान बंद नहीं करने तक प्रदर्शन जारी रखने की मांग पर अड़ गए। सरपंच तेजाराम चौधरी ने बताया कि जहां पर शराब का ठेका खोला गया है उसके पास में ही एक स्कूल है जबकि दूसरी तरफ कई कॉलोनी है। ऐसे में स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि यहां पर शराब का ठेका नहीं होना चाहिए, क्योंकि यहां से दिन के समय स्कूल के छात्र भी निकलेंगे।

## आशा अध्यक्ष व भावेंद्र शरद जैन सचिव बने

**जोधपुर,** (कासं)। गांधी शांति प्रतिष्ठान समिति, जोधपुर की कार्यकारिणी के चुनाव गांधीभवन में चुनाव अधिकारी प्रो. अजीतमल जैन की देखरेख में हुए। अध्यक्ष आशा बोथरा, उपाध्यक्ष डॉ.ओ. पी.टाक, सचिव डॉ. भावेंद्र शरद जैन, संयुक्त सचिव धर्मेश रूटिया, कोषाध्यक्ष राकेश गांधी निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में गीता भट्टाचार्या, डॉ. पद्मजा शर्मा, काजी मोहम्मद तैय्यब अंसारी एवं बादलराज सिंघवी निर्वाचित घोषित किये गए।

चुनाव अधिकारी ने घोषणा करते हुए कहा कि गांधी शांति प्रतिष्ठान केन्द्र और अधिक उत्साह से गांधी के विचार प्रसार के कार्यों को आगे बढ़ायें। सचिव डॉ.भावेंद्र शरद जैन ने जानकारी दी कि कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष रहेगा। शीघ्र ही नई कार्यकारिणी की बैठक कर ‘गांधी एवं युवा पीढ़ी’ के कार्यक्रमों व गांधी और सत्य के प्रयोग पुस्तक पर कार्यक्रमों एवं रचनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित कर क्रियान्वित की जाएगी।